हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, गुरुवार 27 मार्च 2025



11 नगर योजनाकार विभाग ने भिवानी...





12 आंगनवाड़ी वर्कर्स को न्यूनतम वेतन 26000 ...




## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में 27 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी पॉजिटीव ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव दस यूनिट, ओ पॉजिटिव पांच यूनिट, ऐ पॉजिटिव की दस यूनिट व ऐबी पॉजिटिव दस यूनिट की कमी की पूर्ति के लिए रक्तदाता रक्त्दान करने पहुंचे। शिविर सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक लगेगा। वंशिका फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष वर्मा ने बताया कि चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल से डॉ. मोनिका सांगवान की अगुवाई में टीम रक्त एकत्रित करेगी।

### जामपुर सेवा समिति का सत्संग एवं भंडारा आज

**भिवानी।** जामपुर सेवा समिति द्वारा कृष्णा कॉलोनी स्थित श्रीधर्मचंद तीकिया सभागार में 27 से 30 मार्च तक सत्संग, प्रवचन व भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान गोपाल कृष्ण पोपली ने बताया कि कार्यक्रम गत वर्षो की भांति विक्रम सम्वत पर्व के उपलक्ष्य में तपोभूमि योग आश्रम के स्वामी कृष्णनंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा, जिसमें साधवी निष्ठानंद सरस्वती सत्संग एवं प्रवचन में श्रद्धालुओं प्रवचन देंगी। 27 मार्च को सांय 6 बजे कृष्णा कॉलोनी स्थित श्रीराम मंदिर चार मरला में ज्योत स्थापना, 28 से 30 तक सांय साढ़े 4 बजे से कथा अमृत एवं 30 को दोपहर साढ़े 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता 29 को

**बवानीखेड़ा।** जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता 29 मार्च को कुंगड़ के खेल स्टेडियम में होगी। एमच्योर कबड्डी विकास समिति के महासचिव विकास चहल ने बताया कि 29 मार्च को कुंगड़ के खेल स्टेडियम में जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा खेल स्टेडियम में एंट्री सुबह 9 बजे तक होगी। सभी प्रतिभागियों को अपने साथ 4 पासपोर्ट साइज फोटो आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। चयनित खिलाड़ी चौधरी चरण सिंह भवन गाँव बनचारी जिला पलवल में 5 से 6 अप्रैल को होने वाली हरियाणा प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे।

## राहत की खबर: कार्य का जल्द टेंडर लगेगा, 26 कॉलोनियां होंगी अप्रूवड

# खुले नाले होंगे कवर, सड़कों पर लगेगी रोड जाली, विकास कार्यों पर लगी मुहर

- श्मशान घाटों का होगा सौंदर्यीकरण,जल्द होगी 26 कॉलोनियां अप्रूवड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब शहर में बारिश के दिनों में घरों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए बने नालों में शिल्ट व उड़कर कचरा नहीं जाएगा। अब नगरपरिषद अपने नालों की जगह एक उचित साइज के पाइप लाइन बिछाने जा रही है। साथ में इन पाइपों की सफाई के लिए मेनहोल भी बनाए जाएंगे। ताकि जरूरत के हिसाब से इन पाइपों की आसानी से सफाई हो सके। उक्त कार्य का जल्द ही टेंडर लगकर कार्य शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले इस कार्य के मुक्कमल होने की उम्मीद है।

इस कार्य पर आज नगरपरिषद में आयोजित पार्षदों की बैठक में नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फुटपाथों के साथ साथ पाइप दबाकर पानी की निकासी करवाई जाएगी। जिसके लिए रोड जाली लगवाई जाएगी। ताकि पानी के साथ नाले व पाइपों में कचरा न जा सके। इस योजना के लागू होने के बाद इन नालों में न तो कचरा जाएगा और न ही शिल्ट जमा हो पाएगी। पार्षद सुभाष तंवर ने शहर की 26 अवैध कॉलोनियों के नियमित होने का मामला उठाया। जिस पर नप चेयरपर्सन ने ईओ से जवाब तलबी की और इस कार्य में ईओ को पटवारी का सहयोग लेकर जितनी भी आपत्तियां लगी है। उन सभी को दूर करके वैध करवाया जाए। इस दौरान नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि जिन 26 कॉलोनियों को वैध करवाया जाना है। उन सभी कॉलोनियों के भूमि से संबधित रिकार्ड तैयार करवाकर भेजा जा रहा है। इन कॉलोनियों के वैध होने के लिए 14 विभागों को पत्र भेजकर उनसे एनओसी लेनी होती है। सभी 14 विभागों को पत्र भेजा जा चुका है।जल्द ही जवाब आने की उम्मीद है। उसके तत्काल बाद सरकार को भेजा जाएगा और वे वैध हो जाएगी।



**भिवानी।** आयोजित बैठक में पार्षदों के सवालों के जवाब देते भवानी प्रताप सिंह।

### नया बाजार व जैन चौक में शौचालय की समस्या

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को नगरपरिषद बजट की तथा साधारण बैठक हुई। बजट को लेकर 119 करोड़ 46 का प्रस्ताव था वह पास हुआ। सभी पार्षदों ने शहर के विकास के लिए सुझाव दिए। कुछ समस्याएं भी थी। बैठक का सफल आयोजन हुआ। 26 कॉलोनियों रह गई है। उनको भी जल्द सरकार से वैध करवाया जाएगा। सफाई को लेकर उपर प्रस्ताव भेजा गया था। बहुत जल्द ही बजट स्वीकृत हो जाएगा। जहां पर जगह उपलब्ध है। वहां पर हम सार्वजनिक शौचालय बनवाए जा रहे है। नया बाजार व जैन चौक में शौचालय की समस्या है। इन इलाकों में शौचालयों के लिए जगह चिहिंत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर की समस्याओं के निराकरण के लिए विधायक घनश्याम सर्राफ व सांसद धर्मबीर सिंह भी उठा रहे है।

### शहर के सभी श्मशान घाटों का होगा सौंदर्यीकरण

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर के सभी छह शमशान घाटों के सौंदर्यकरण का खाका तैयार किया जा चुका है। जिनमें कब्रिस्तान व इसाईयों के श्मशान घाट भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इनमें फूलदार पौधें व लोगों के बैठने के लिए सीटें व प्रार्थना हॉल का निर्माण करवाया जाना शामिल है। जिन शमशान घाटों की चार दिवारी टूटी या जर्जर है। उसकी भी मरम्मत करवाया जाना निहायात जरूरी है।

### लोगों के काम अटके

एक पार्षद ने बताया कि सरकार और नगरपरिषद की मंशा काम करवाने की है लेकिन अधिकारियों की नीयत में खोट है। उन्होंने दिनोद रोड के निर्माण का मसला उठाते हुए बताया कि सरकार ने उक्त रोड के बनाए जाने के लिए टेंडर पारित करवा दिया। नगरपरिषद ने भी सारी तैयारी पूरी कर दी,लेकिन नप के अधिकारी न जाने किस वजह से इन कार्यों में अडंगा लगा रहे है। अधिकारिरयों की ढिलाई की वजह से जनता को अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद संदीप यादव ने शहर की सफाई व्यवस्था उठाया। पार्षद हर्ष डुडेजा ने शहर के सौंदर्यकरण का मामला उठाया। जिस पर चेयरपर्सन ने बताया कि पिछले ढाई साल से शहर के सौंदर्यकरण का कार्य जारी है। हांसी रोड, रोहतक रोड के डिवाइडरों के बीच में फूलदार पौधे रोपित किए गए है। साथ ही प्रवेश द्वार मार्ग पर पाम के पेड लगाए गए है। शहर के सभी प्रवेश मार्गो के सौंदर्यकरण का कार्य जारी है।

## बवानीखेडा बस स्टैंड का काटा बिजली कनेक्शन, विभाग ने सूची की तैयार

- तहसील कार्यालय का 25 लाख और स्वास्थ्य विभाग का भी करीबन एक लाख का बिल पेंडिंग

**बवानीखेड़ा।** बिजली निगम के कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेशों की पालना करते हुए डिफाल्टर उपभोक्ताओं व सरकारी कार्यालयों के कनेक्शनों का काटना शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत सामान्य बस स्टैंड के कनेक्शन से की गई। उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार के आदेशानुसार कनिष्ट अभियंता सुमित, अजय राणा, विनोद कुमार, सतीश कुमार, रवि, विनोद आदि की टीमें गठित की गई। बताया जाता है कि तहसील कार्यालय 25 लाख का बिल बकाया है वहीं स्वास्थ्य विभाग का भी करीबन एक लाख का बिल पेंडिंग है। वहीं राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का करीबन 60हजार का बिल पेंडिंग है। वहीं सामान्य बस स्टैंड, थाना कार्यालय, बीडीपीओ, रेलवे स्टेशन आदि में भी विभाग की हजारों की राशि बकाया है। विभाग द्वारा सूची तैयार कर ली गई है और इसी के मददेनजर बवानी खेड़ा के सामान्य बस स्टैंड का कनेक्शन काट दिया गया वहीं अन्य विभाग भी बिजली निगम की कार्यप्रणाली को देखते हुए अपने अपने विभाग को पत्र लिखकर ग्रांट मंगवाने की बात करते हुए नजर आए। वही इस बारे में उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि विभाग के आदेश है यदि बिल जमा नहीं करवाए गए तो कनेक्शन काट दिए जाएंगे।



**भिवानी।** वाहनों के कागजात जांच करते खनन अधिकारी।

## तीन दिन में 80 वाहन जांचे, तीन के 12 लाख रुपये के चालान काटे

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। जिला में पिछले तीन दिनों के अंदर लगभग 80 वाहनों को चैक किया गया है और तीन वाहनों पर कोताही के चलते 12 लाख रुपये के चालान किए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर लगातार नजर रखें हुए हैं।

सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है। जिला खनिज अधिकारी रिंकू कुमार ने बताया कि विभागीय चैकिंग के तहत टीम ने 80 से अधिक वाहनों को चैक किया और इनमें से तीन वाहन नियमों के विरुद्ध चलते हुए पाए गए। नियम एवं कानून के अनुसार इन वाहनों पर 12 लाख रूपये के चालान किए गए हैं साथ ही माइनिंग जोन का दौरा कर उसका निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और विभागीय स्तर पर निरंतर निगरानी रख रहे है। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदर्शन कल

- कॉरपोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ विरोध करने के अधिकार को बलपूर्वक छीन रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी और जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम ने कहा कि पंजाब में हुए किसानों पर पुलिस दमन के खिलाफ तथा किसान-मजदूरों की अन्य लंबित मांगों को लेकरसंयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े विभिन्न किसान- मजदूर संगठनों के कार्यकर्ता तथा समर्थक भिवानी समेत पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर 28 मार्च को धरने देंगे तथा विरोध प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि 19 मार्च को भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के निर्देश पर, पंजाब पुलिस ने जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवण सिंह पंधेर सहित 350 किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। पुलिस ने खनौरी और शंभू सीमाओं पर आंदोलनकारी किसानों के तंबू और मंचों को बुलडोजर से गिरा दिया था और ट्रैक्टरों, ट्रॉलियों को जबरदस्ती हटा दिया था। गत 3 और 4 मार्च को पूरे पंजाब में इसी तरह का दमन किया गया था, बलबीर सिंह राजेवाल, रुल्दू सिंह मानसा जैसे अस्सी वर्षीय लोगों सहित 800 से अधिक एसकेएम कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और जेल भी भेजा गया ताकि 5 मार्च से चंडीगढ़ में एसकेएम द्वारा घोषित प्रदर्शन और सप्ताह भर के धरने को विफल किया जा सके। पुलिस दमन की ऐसी श्रृंखला का संदेश यह है कि आप के नेतृत्व वाली राज्य सरकार किसानों के जीवन और आजीविका में तबाही लाने वाली कॉरपोरेट परस्त नीतियों के खिलाफ विरोध करने के अधिकार को बलपूर्वक छीन रही है। दस वर्षों में मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ रुपये के कॉरपोरेट कर्ज माफ किए हैं, लेकिन किसानों का एक भी रुपया कर्ज माफ नहीं किया।

## नेशनल महिला बॉक्सिंग: नूपूर और पूजा सेमीफाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नोएडा में चल रही 8वीं नेशनल महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की महिला मुक्केबाज नूपुर ने 80 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में सेमीफाइनल में तमिलनाडु की बॉक्सर को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई और सेमीफाइनल में यूपी की बॉक्सर के साथ होगी। अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज पूजा बोहरा ने 80 किलोग्राम में दिल्ली की बॉक्सर को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची। महिला मुक्केबाजों ने अपनी जीत का श्रेय भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण को दिया। अकादमी के महासचिव प्रीतम दलाल ने बताया कि दोनों महिला मुक्केबाजों का ब्रांज मेडल पक्का है और हमें पूर्ण विश्वास है कि वे और मेडल प्रदेश की झोली में डालने का काम करेंगी। अकादमी अध्यक्ष डॉ. एलबी गुप्ता ने भी महिला मुक्केबाजों को जीत की शुभकामनाएं दी।



**भिवानी।** कोच संजय श्योराण के साथ नुपूर व पूजा बोहरा।

## गांजा लेकर आ रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार, गाड़ी कब्जे में ली

- आरोपियों से 03 किलो 920 ग्राम गांजा किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस की एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ ईशरवाल की टीम ने महम से भिवानी मादक पदार्थ लेकर आ रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ ईशरवाल के सहायक उप निरीक्षक रणवीर सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी इलाका गुजारनी चौकी मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की किया गाड़ी में दो व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर भिवानी की तरफ आ रहे हैं पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए गांव चांग में नाकाबंदी करके सूचना के आधार पर एक किया गाड़ी को रुकवाया गया जिसकी तलाशी लेने पर गाड़ी से मादक पदार्थ बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आशीष पुत्र बलवान निवासी फरमाना बादशाहपुर जिला रोहतक व मनोज पुत्र सतबीर निवासी फरमाना खास जिला रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा गाड़ी से 03 किलो 920 ग्राम गांजा बरामदकर गाड़ी को पुलिस कब्जे में लिया । पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत मामले में बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**लोहारू।** बीते दिवस चौधरी बंसीलाल कॉलेज के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से करीब 70 वर्षीय नत्थूराम की मौत हो गई थी। इस मामले में लोहारू थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र महेंद्र सैनी की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में वार्ड नंबर तीन निवासी महेंद्र सैनी ने बताया कि वह लोहारू में टायर पंचर ठीक करने की दुकान चलाता है तथा वह बीते दिवस दादरी मोड़ से दुकान की ओर जा रहा था।

इस दौरान उसके पिता नत्थूराम भी दूसरी मोटरसाइकिल पर लोहारू की तरफ जा रहे थे, तभी एक बाइक ने उनके पिता की बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घायल नत्थूराम को लोहारू के उपनागरिक अस्पताल में उपचार के बाद भिवानी रेफर किया गया, लेकिन नत्थूराम ने कथित रूप से रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया और पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया।

## अवैध खनन पर शिकंजा: दो डंफर इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि बुधवार को अवैध खनन सामग्री से भरे दो डंफरो को इम्पाउण्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के स्पष्ट निर्देश हैं कि अगर कोई व्यक्ति अवैध खनन से जुड़ी गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। डीसी ने कहा कि खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर खनन क्षेत्र में वाहनों की निगरानी कर रही हैं।

अवैध खनन की रोकथाम को लेकर खनन विभाग द्वारा निरंतर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस बारे में उपायुक्त महावीर कौशिक ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर गाडियो की निगरानी कर रही हैं। एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि खनन विभाग और टास्क फोर्स टीमें निरंतर खानक, डाडम, पिंजोखरा, दुल्हेडी, निगाना, रिवासा और खरकडी, की पहाडियों में भी निरंतर निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो द्वारा व्हाट्सएप नंबर 9878380112 जारी किया गया है। अगर किसी नागरिक को अवैध खनन के बारे में जानकारी मिलती है तो वह इस नंबर पर व्हाट्सएप कर सकता है। इस नंबर पर लोकेशन व वीडियो बनाकर भी भेजे जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिला टास्क फोर्स से जुड़ी टीमों द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग के अलावा हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की टीम द्वारा भी कड़ी निगरानी की जा रही है। जिला खनन अधिकारी पंकज कुमावत ने बताया कि इस अभियान के तहत खनन विभाग व हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो की संयुक्त चेकिंग के दौरान दर्जनों गाडियो की ई- बिलिगं की जांच की गई। इस दौरान दो डंम्फरो को इम्पाउडं किया गया है। जिन पर नियमानुसार गणना के उपरांत लगभग 5 से 7 लाख रुपये की धनराशि जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जिला टास्क फोर्स की टीमों द्वारा अलग-अलग स्थान पर वाहनों की चेकिंग की गई।



## रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त ने ग्रामीणों से किया संवाद, काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : डीसी

# इंतकाल की शिकायतों पर गोलागढ़ का पटवारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को वीर शहीद महिपाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डीसी महावीर कौशिक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों की इंतकाल संबंधित शिकायत पर डीसी ने मौके पर गांव गोलागढ़ के पटवारी को सस्पेंड करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने ग्रामीणों की मांग पर गांव में पुस्तकालय बनवाने, व्यायामशाला का निर्माण करवाने के लिए पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, एडीसी डॉ मुनीष नागपाल, एसडीएम महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार भी मौजूद रहे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन लोगों को सरकारी योजनाओं व नीतियों का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री की सोच है कि जिला प्रशासन के अधिकारी रात्रि कार्यक्रम के तहत गांव में पहुंच कर ग्रामीणों से दिया संवाद करें और उनका समाधान करें। इसी के तहत रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की समस्या सुनी जाती हैं और उनका मौके पर समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम लोगों के लिए बहुत ही कारगर साबित हो रहे हैं।

डीसी ने ग्रामीणों से शामलाती या सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा नहीं करने की कही

उपायुक्त के समक्ष ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दुरुस्त करवाने, जमीन पैमाइश, अवैध कब्जे हटाने, गलियों को दुरुस्त करने, वृद्धावस्था पेंशन बनाने, तालाबों में पानी का प्रबंध करवाने, नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी से हड़पे पैसे वापिस दिलवाने, इंतकाल करवाने, नए ट्यूबवेल कनेक्शन दिलवाने, गंदे पानी की निकासी करवाने, यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध करवाने, जोहड़ खुदवाने जैसी समस्याएं रखीं। वहीं गोलागढ़ के अलावा गांव केहरपुरा, भानगढ़, मनसरवास, खैरपुरा, देवराला, चंदावास, जुई के लोगों ने समस्याएं रखी। डीसी ने ग्रामीणों से शामलाती या सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा नहीं करने की अपील की। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें। जमीन की पैमाइश कर आम रास्तों से अवैध कब्जे हटवाएं।



**भिवानी।** रात्रि ठहराव के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त।

### विभागों ने स्टॉल लगाकर दी जानकारी

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एसपी नितिश अग्रवाल ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकार के निर्देशानुसार ड्रग के खिलाफ चलाए गए अभियान में जिला प्रशासन का साथ दें। उन्होंने युवाओं को ड्रग से सेवन से बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि ना होने दें। गांव में संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई होने की सूचना तुरंत प्रभाव से पुलिस को दें। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने एक दूसरे से अधिक दूरी पर छलांग लगाने का प्रयास किया। प्रतियोगियों अंडर 11 वर्ष की आयु के लडको में साहिल प्रथम, जिवेश द्वितीय और मोहित तृतीय स्थान पर रहा। लडकियों में रूकसाना प्रथम, स्नेहा द्वितीय और छैया तृतीय स्थान पर रही। वहीं अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग के लडकों में अमन प्रथम, रवि द्वितीय और अंशु तृतीय स्थान पर रहा। लड़कियों में ज्योति प्रथम, मुस्कान द्वितीय और रितु तृतीय स्थान पर रहा। अव्वल आने वाले को डीसी और एसपी ने सम्मानित किया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त महावीर कौशिक से हरियाणवी रागनी सुनाने की मांग की। इस पर उपायुक्त ने भगवान की महिमा पर आधारित सूर्य कवि पंडित लखमी चंद द्वारा रचित भजन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। ग्रामीणों ने तालियों की करतल ध्वनि से उपायुक्त का आभार किया और हौसला बढ़ाया।





# पब्लिक प्लेस पर जब फील हो एलर्जी



**डॉक्टर्स सजेशन**
**डॉ. आर. पी. सिंह**
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे लगातार छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-रितेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है, आपको धूल से एलर्जी है, क्योंकि आप जब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाते हैं तो वहां जो धूल उड़ती है, उससे आपको छींकें आना शुरू हो जाती हैं। यह समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इससे बचाव के लिए बेहतर होगा कि आप जब ऐसे स्थान पर जाएं तो मास्क लाकर ही जाएं। इस उपाय को अपनाने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी गर्दन से लेकर कंधे तक अकड़न बनी रहती है, साथ ही हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, बिलासपुर**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी लंबी सिटिंग होती हैं यानी, ऑफिस में एक ही पोश्चर में लंबे समय तक बैठे रहते हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज करना पड़ेगा। सर्वाइकल की एक्सरसाइज कौन-कौन सी होती हैं यह जानने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वे आपको बताएंगे, उसके बाद नियमित रूप से सुबह-शाम एक्सरसाइज करें। साथ ही ऑफिस में लंबे समय तक एक ही पोश्चर में ना बैठें। बीच-बीच में मूवमेंट करते रहें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। दो-तीन महीने से बहुत स्ट्रेस फील कर रहा हूं। न अच्छी भूख लगती है, न ठीक से सो पाता हूं। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कामेश्वर, भोपाल**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आप यह जानने की कोशिश करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उसके आस-पास जीवन में क्या ऐसा घटित हुआ है, जिससे स्ट्रेस हो रहा है। इसकी वजह क्या है? अगर जरूरत पड़े तो आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इसे तरह स्ट्रेस से मुक्ति मिलेगी और आपको नींद भी आने लगेगी।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं हेयर ट्रांसप्लांट करवाना चाहता हूं। क्या यह सेफ है? इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? कृपया सजेस्ट करें।**

**-विभूति, रोहतक**

आजकल हेयर ट्रांसप्लांट करने का चलन बढ़ा हुआ है, लेकिन आपके लिए कितना सेफ रहेगा, यह तो जांच करने के बाद ही पता चलेगा। आपकी स्किन कैसी है, आपको किसी चीज से एलर्जी तो नहीं है, जांच के बाद तय किया जा सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे आपको जांच के बाद बताएंगे कि आपके लिए ट्रांसप्लांट करवाना कितना उचित रहेगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे भूख बिल्कुल नहीं लगती है। पेट हमेशा भरा-भरा सा लगता है। कभी-कभी खट्टी डकारें भी आती हैं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सखाराम, जींद**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो रही है। जिस वजह से आपको खट्टी डकार आती है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। साथ ही तली-भुनी और ऑयली चीजें खाने से बचें। रात में हल्का खाना जैसे दलिया या खिचड़ी खाएं। साथ ही सुबह-शाम सैर जरूर करें। इससे आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड बाइपोलर-डे, 30 मार्च

# बाइपोलर डिसऑर्डर हेल्दी लाइफस्टाइल सही मेडिकल ट्रीटमेंट से मिलती है राहत

बाइपोलर डिसऑर्डर एक जटिल मेंटल डिजीज है। इसके होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर इसके लक्षणों को ध्यान में रखते हुए सही लाइफस्टाइल को फॉलो किया जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल ट्रीटमेंट करवाया जाए, साथ ही फैमिली सपोर्ट मिले तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। इस रोग के बारे में आप भी विस्तार से जानिए।







**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. गौरव गुप्ता**
डायरेक्टर-तुलसी हेल्थ केयर
नई दिल्ली-गुरुग्राम

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार द्विध्रुवीय विकार (बाइपोलर डिसऑर्डर) एक मनोरोग है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और उसकी कार्यक्षमता में बदलाव आता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें मूड में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं। इस मनोरोग में उन्माद (मेनिया) और अवसाद (डिप्रेशन) सरीखी स्थितियां (मूड एपिसोड्स) भी शामिल हैं। ऐसे मूड एपिसोड कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं।

## क्या हैं कारण

बाइपोलर डिसऑर्डर के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

**न्यूरोकेमिकल में असंतुलनः** मस्तिष्क रसायनों (न्यूरोकेमिकल्स) जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन आदि में असंतुलन बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं।

**आनुवांशिक कारकः** अगर परिवार के किसी सदस्य को बाइपोलर डिसऑर्डर रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्य में इसके होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लगभग 60% मरीज ऐसे हैं, जिन्हें डिप्रेशन या बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या जेनेटिक कारणों से मिली है।

**तनावपूर्ण घटनाएंः** इसके अंतर्गत जीवन की गंभीर तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी रिश्ते का टूटना, गंभीर बीमारी या कोई भावनात्मक समस्या आदि शामिल की जाती हैं, जो बाइपोलर डिसऑर्डर का कारण बन सकती हैं। भावनात्मक समस्या में आपसी संबंधों का बिगड़ना, पति-पत्नी के बीच तलाक होना, परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु होना आदि को शामिल किया जा सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना में बदलावः** ब्रेन इमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त लोगों के मस्तिष्क में संरचनात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

## बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षण

पीड़ित व्यक्ति कभी-कभी बहुत ज्यादा निराश, उदास और दुखी महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग अवसाद (डिप्रेशन) से मिलते-जुलते होते हैं। कभी-कभी वह बहुत ज्यादा प्रफुल्लित और स्वयं को असाधारण रूप से ऊर्जावान महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग उन्माद (मेनिया) सरीखे होते हैं। उन्माद और अवसाद की स्थितियों (एपिसोड्स) के बीच मूड में अचानक और तीव्र बदलाव होना। इस स्थिति को मनोचिकित्सकीय भाषा में 'मूड स्विंग्स' कहते हैं। इनके अलावा अपनी क्षमताओं के बारे में गलतफहमी रखना, तेज गति से सोचना और बोलना, गलत फैसले लेना, नींद बहुत कम आना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, स्वयं को बहुत ज्यादा महत्व देना या फिर अपने को श्रेष्ठ समझना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

## ऐसे करते हैं डायग्नोसिस

बाइपोलर डिसऑर्डर का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर सबसे पहले मरीज से बात करते हैं, उसके बाद उसके परिजनों से भी। इसके अलावा डॉक्टर मरीज की अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए कंप्लीट फिजिकल टेस्ट भी करवा सकते हैं ताकि उसके लक्षणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और फैमिली हिस्ट्री आदि के जरिए भी डॉक्टर मर्ज का पता लगाते हैं।

## ट्रीटमेंट के तरीके

यह सच है कि फिलहाल बाइपोलर डिसऑर्डर का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाएं लेने और उनके परामर्श पर अमल करने से बाइपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन और नियंत्रण जरूर किया जा सकता है, जिससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेषकर मनोचिकित्सक कुछ दवाओं के सेवन का सुझाव दे सकते हैं, जिन्हें 'मूड स्टेबलाइजर्स' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श से एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी मूड स्विंग को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।



**मनोचिकित्सा (साइकोथेरेपी)ः** मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार साइकोथेरेपी का सहारा लेते हैं। मरीज के अलावा वे परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करते हैं। इसके अलावा कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों को प्रबंधित करने में सहायक है।

**जीवनशैली में बदलावः** यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के मुताबिक बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को जहां तक संभव हो सके, स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें अपनी समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, जो लोग बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त नहीं हैं, वे भी अगर स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें तो इससे उनमें भी इस समस्या के भविष्य में होने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम, 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेना और तनाव का समुचित प्रबंधन आदि बातें शामिल हैं।

**नियमित व्यायाम करेंः** नियमित व्यायाम, बाइपोलर डिसऑर्डर पेशेंट्स के मूड को स्थिर करने में मदद कर सकता है। किस व्यक्ति को कितने समय तक और किस-किस प्रकार के व्यायाम करना चाहिए, इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकता है।

**पर्याप्त नींद जरूरीः** बाइपोलर डिसऑर्डर किसी व्यक्ति की नींद उड़ा सकता है। ऐसा व्यक्ति बहुत कम सोता है। नींद पूरी न होने से मूड में बदलाव ज्यादा आता है। इसलिए मूड को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। इसके लिए नियमित समय पर बिस्तर पर जाने और सुबह एक निश्चित समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम यानी टेलीविजन देखने, स्मार्टफोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल से दूर रहें। जिन लोगों को सोने में कठिनाई होती है, उन्हें डॉक्टर से बात करनी चाहिए। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### इन बातों का रखें ध्यान

- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे मदद लें।
- सकारात्मक सोच रखें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए योग और ध्यान का सहारा लें।
- शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें, क्योंकि वे आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।



**अवेयरनेस**
**शिखर चंद जैन**

स्पेशलः वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे, 2 अप्रैल

ऑटिज्म एक विकास संबंधी एब्नॉर्मलिटी है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने, पढ़ने-लिखने और दूसरों से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चों की केयर पैरेंट्स को बहुत सावधानी से करने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत जरूरी सजेशंस।

# ऑटिज्म पेशेंट के लिए जरूरी सही ट्रीटमेंट-इमोशनल सपोर्ट



ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध है। हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। फैमिली मेंबर्स, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग भी नई स्किल्स सीख लेते हैं और बिना किसी सपोर्ट के अपने काम भी कर लेते हैं। सही डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट की मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है, जिससे वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं।

ऑटिज्म की वजह से बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर आ जाता है, जो यह तय करता है कि वह अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे रिस्पॉन्स करता है। यह अंतर कुछ ऐसा है जिसके साथ वे पैदा होते हैं-इसका उनके पालन-पोषण के तरीके, भोजन, टीके या जन्म के बाद बच्चे के साथ हुई किसी भी अन्य एक्टिविटी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**क्या है ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डरः** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एक न्यूरोलॉजिकल और डेवेलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो लोगों के दूसरों के साथ बातचीत करने, संवाद करने, सीखने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके लक्षण आमतौर पर जीवन के पहले दो वर्षों यानी बचपन में दिखाई देते हैं। ऑटिज्म बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर लाता है, जो उन्हें सामाजिक रूप से घुलने-मिलने और अनोखे तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षणों में लिमिटेड आइज कॉन्टेक्ट, एब्नॉर्मल बॉडी लैंग्वेज और रिपीटेटिव बिहेवियर या बातें शामिल होते हैं। इसके अलावा अकेले रहना, दूसरे बच्चों के साथ ना खेलना, बोलने के बजाय इशारों से ज्यादा रिस्पॉन्स करना। खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाने के प्रयास करना। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण माता-पिता या बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चे के एक वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही देखे जा सकते हैं। कुछ मामलों में, ऑटिज्म से संबंधित समस्याएं हल्की हो सकती हैं और तब तक स्पष्ट नहीं होती हैं जब तक कि बच्चा स्कूल जाना शुरू नहीं करता।

**इससे बढ़ता है रिस्कः** नई मेडिकल स्टडीज के अनुसार कई आनुवंशिक कारक ऑटिज्म के जोखिम को जटिल तरीके से बढ़ा सकते हैं। फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम और ट्यूबरस स्क्लेरोसिस जैसी कुछ विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों वाले लोगों में ऑटिज्म के निदान के लिए जोखिम अधिक होता है। ये दो स्थितियां ऑटिज्म के सैकड़ों अलग-अलग दुर्लभ आनुवंशिक कारणों के साथ मिलकर 30% से अधिक मामलों की व्याख्या करती हैं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा ली जाने वाली कुछ दवाइयां जैसे कि वैल्प्रोइक एसिड और थैलिडोमाइड, ऑटिज्म के हाई रिस्क से भी जुड़ी हुई हैं। गर्भावस्था के समय माता-पिता का अधिक उम्र का होना भी ऑटिज्म के अधिक जोखिम से जुड़ा हुआ है।

**इलाज के तरीकेः** ऐसे कई प्रभावी तरीके हैं, जो ऑटिस्टिक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

**अप्लाइड बिहेवियर एनालिसिसः** इसमें बच्चे की कार्यात्मक चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन शामिल है, जिसका उपयोग उनके स्किल में सुधार और मिसबिहेव को कम करने के लिए एक बिहेवियरल प्लानिंग बनाने के लिए किया जाता है।

**सोशल स्किल ट्रेनिंगः** ग्रुप या पर्सनल सेटिंग में किया गया यह प्रयास ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को सामाजिक स्थितियों में नेविगेट करने की उनकी क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

**वर्बल-लैंग्वेज ट्रीटमेंटः** बच्चे के बोलने के तरीके और उसकी भाषा की समझ में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

**पैरेंटल मैनेजमेंट ट्रेनिंगः** इसमें पैरेंट्स को अपने ऑटिस्टिक बच्चे के एब्नॉर्मल बिहेव पर सही प्रतिक्रिया करने और अपने बच्चे में उचित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के प्रभावी तरीके सिखाए जाते हैं। पैरेंटल हेल्प ग्रुप्स, पैरेंट्स को ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की परवरिश के तनाव से निपटने में मदद करते हैं। *

**(मनोचिकित्सक डॉ.संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ.रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

### पैरेंट्स रखें ध्यान

- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजीज के बारे में जितना संभव हो उतना जानें।
- ऑटिज्म से पीड़ित अपने बच्चे को अच्छी और बैलेंस्ड डेली रूटीन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करें।
- ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के अन्य पैरेंट्स और अपने समुदाय के रिसोंसेस से जुड़ें।
- जरूरत पड़ने पर मेडिकल एक्सपर्ट से कंसल्ट करें।
- बच्चे के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय निकालें।
- अपने बच्चे की शिक्षा और उपचार से संबंधित अवेयरनेस को बढ़ाएं।



**डाइट**
**राजकुमार 'दिनकर'**

जब भी सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स की बात आती है तो सबसे पहले बादाम का नाम लिया जाता है। वजह है इसमें मौजूद बेशुमार स्वास्थ्यवर्धक गुण। यह किस तरह से हमारे लिए फायदेमंद है, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्थ के लिए भरपूर फायदेमंद नट है बादाम



बादाम के पोषण के स्तर को देखते हुए पाक कला में सदियों से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके सेवन का इतिहास हजारों साल पुराना है। बादाम मीठे और कड़वे दो तरह के होते हैं। कड़वे बादाम की कड़वाहट निकालने के बाद उसके तेल का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। कड़वे बादाम के फूल सफेद होते हैं और मीठे बादाम के फूल गुलाबी होते हैं। कड़वे बादाम और मीठे बादाम की रासायनिक संरचना समान होती है। बादाम का फल जब पकता है तो यह खुद ही खुल जाता है और उससे यह नट बाहर आ जाता है। बादाम के बीज कठोर छिलकों के अंदर होते हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्वः** पोषक तत्वों से भरपूर बादाम में विटामिन बी1, फोलेट, विटामिन बी3, नियासिन, बी कॉम्प्लेक्स और मैग्नीज भरपूर मात्रा में होता है। 28 ग्राम यानी एक औंस बादाम में 183 कैलोरी, 5.82 ग्राम प्रोटीन, 2.94 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 16.4 ग्राम फैट, 3.4 ग्राम फाइबर, 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई पाया जाता है।

**कई तरह से लाभकारीः** बादाम हमारी मस्तिष्क और तंत्रिका प्रणाली को मजबूत बनाकर याद्दाश्त को अच्छा बनाता है। बादाम में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने का गुण होता है। यह एलडीएल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के बीच संतुलन बनाकर रखता है। इसमें मौजूद फॉस्फोरस हमारी हृदय गति को सामान्य बनाए रखता है। इसका ग्लासेमिक इंडेक्स कम होता है। यह हमारी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है। मैग्नीशियम और मैग्नीज से भरपूर होने के कारण यह हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। यह हमारे शरीर के वजन को भी नियंत्रित करके मोटापे के जोखिम को कम करता है। इसमें मौजूद आर्जीनिन एक ऐसा अमीनो एसिड है, जो रक्तप्रवाह को नियमित करता है और इससे हमारी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। विटामिन-ई से भरपूर बादाम त्वचा की नमी को लॉक करके हमें जवां और खूबसूरत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। फास्फोरस युक्त बादाम एसिडिटी को नियंत्रित करता है और शरीर में टीएच लेवल को बनाकर रखता है। आयरन से भरपूर बादाम हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के विकास को बढ़ाता है और एनीमिया में बहुत फायदेमंद होता है।

**ऐसे करें सेवनः** बादाम दुनिया में सबसे पुराना और सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला नट है। बादाम को साबुत भूनकर या तलकर खाया जाता है। बादाम का छिलका पचाना चूंकि मुश्किल होता है, इसलिए आयुर्वेद इन्हें उबालकर पकाने के बाद खाने की सलाह देता है। इनको अगर भिगोकर खाया जाए तो यह जल्दी पचते हैं। इन्हें बिना भिगोए कच्चा नहीं खाना चाहिए। रात भर भिगोकर, छिलका उतारकर इन्हें खाना चाहिए। बादाम मिल्क शेक या बादाम को अन्य फ्रूट्स के साथ मिलाकर इनकी स्मूदी बनाई जा सकती है। अखरोट, सूरजमुखी के बीज, खजूर, मखाना, किशमिश के साथ मिलाकर अलग-अलग तरह के अनाजों के साथ खा सकते हैं। इसके अलावा बादाम का शीरा, बादाम का हलवा, बादाम की बर्फी, बादाम कतली, बादाम की चटनी, बादाम का दूध, बादाम-खजूर मिल्क शेक, बादाम केला स्मूदी का सेवन किया जा सकता है। *

## खबर संक्षेप


चरखी दादरी। उपायुक्त कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते अधिवक्ता।

### प्रतिबंध लगाने के निर्णय पर जताया आभार

**चरखी दादरी।** पंजाब एवं हरियाणा व चंडीगढ़ बार काउंसिल की अनुशासन समिति के सदस्य अधिवक्ता गिरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं ने हरियाणवी संस्कृति, समाज और युवाओं के मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए अश्लील और अराजकता भरे गानों पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय के लिए सरकार का आभार जताया। अधिवक्ताओं ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते हुए भविष्य में ऐसे गायकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रसारित हो रहे अश्लील और अपराध को बढ़ावा देने वाले गानों से युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है।



### कानूनों की जानकारी होना अति आवश्यक : गोयल

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार वैश्य महाविद्यालय की कानूनी साक्षरता सेल ने स्थायी लोक अदालत विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता राजनीति शास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर रतन सिंह ने स्थायी लोक अदालत का गठन, उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थायी लोक अदालत भारतीय न्यायिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### समग्र व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला आयोजित

**तोशाम।** बनवारी लाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय व विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के तहत बुधवार को महाविद्यालय के 20 छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय प्रांगण में समग्र व्यक्तित्व विकास आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कहानी, खेल, गीत चर्चा जैसी गतिविधियों के माध्यम से सबकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जीवन ध्येय, जीवन मूल्य, संगठन, राष्ट्र भक्ति, मेरी भूमिका विषय पर बल दिया गया। समस्त गतिविधियां महाविद्यालय के प्राचार्य की सहमति से डॉक्टर अश्वनी के देख-रेख में संपन्न हुई।

### ऋण योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें

**भिवानी।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चोपड़ा ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, दुकानदारों व आमजन के जीवन उत्थान के लिए चलाई जा रही ऋण योजनाओं का लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित करें। मौजूदा वित्त वर्ष के बकाया स्वीकृत ऋणों की अदायगी तुरंत प्रभाव से करें और आगामी वित्त वर्ष के लिए निर्धारित बजट के तहत जरूरतमंद व पात्र लोगों को ऋण संबंधित सहायता प्रदान करें।

## पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने की कार्रवाई

# नगर योजनाकार विभाग ने भिवानी हालुवास रोड से हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक के निर्देशानुसार नगर योजनाकार विभाग ने बुधवार को अवैध निर्माण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने मौजा भिवानी जोनपाल में भिवानी-हालुवास लिंक रोड से अवैध निर्माण को हटाया। उपायुक्त ने बताया कि नगर योजनाकार विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भिवानी नियंत्रित क्षेत्र मौजा हालुवास में भिवानी-हालुवास लिंक रोड़ पर अवैध निर्माण हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचायती राज एसडीओ प्रवीण बजाज को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया।

इस दौरान पुलिस बल की भी ड्यूटी लगाई गई है। डीसी ने बताया कि विभाग के अनुसार मौजा हालुवास में भिवानी-हालुवास लिंक रोड़ पर दो अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि जिला नगर योजनाकर विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने का यह अभियान जारी रहेगा। विभाग द्वारा इस दौरान लोगों को समझा भी जाता है कि वे जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी व किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें।


भिवानी। अवैध कब्जे हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**भिवानी।** फिलहाल चल रही बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के बाह्य हस्तक्षेप को रोकने और परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न करने को लेकर एसडीएम महेश कुमार ने अपनी टीम के साथ विभिन्न स्कूलों में संचालित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में बाधा डालने वालों या किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल 12वीं कक्षा की परीक्षाएं संचालित हैं। जिला में विभिन्न स्कूलों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। डीसी के निर्देशानुसार जिला स्तर व उप मंडल स्तर पर उड़नदस्ते बनाए गए हैं। एसडीएम महेश कुमार के उड़नदस्ते ने बुधवार को गांव जनसेवा विद्या विहार,एसडी सी,से.स्कूल और शिव स्कूल लोहानी में बनाए गए परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

# समाधान शिविर में अधिकारियों ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम आशीष सांगवान।

जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार के निर्देशों पर समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों का अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर को लेकर रुझान बढ़ रहा है। नागरिक समाधान शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा की जा रही समस्याओं की सुनवाई के प्रति संतोष व्यक्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर आयोजित हुए समाधान शिविर में सीटीएम जितेन्द्र ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में मौजूद अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करने के लिए तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के दौरान नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग से जुड़े मुद्दे लेकर पहुंचे, इनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया।

# रोज दो घंटे सुनी जाती हैं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ प्रत्येक कार्यदिवस को प्रात: 10 से 12 बजे तक सुनीं जाती हैं लोगों की शिकायतें : एसडीएम

एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में एसडीएम ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस को प्रात::10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है। समाधान शिविर में एसडीएम महेश कुमार के समक्ष श्री प्रसाद की प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, अत्र सिंह ने जमीन की पैमाइश करवाने बारे, राम कुमार ने 13 महीने से बुढ़ापा पेंशन न मिलने बारे, पूर्ण सिंह ने ढ़ाणी में लटकती हुई बिजली की तारों को ठीक करवाने बारे में शिकायत रखी।

### राजकुमार सैनी सब्जीमंडी यूनियन के प्रधान बने

**चरखी दादरी।** बुधवार को नई सब्जीमंडी में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें हरियाणा सब्जीमंडी यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन जांघु की अध्यक्षता में पूर्व प्रधान नंदलाल ठुकराल ने नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की नियुक्ति की। इस दौरान राजकुमार सैनी राजू को प्रधान, मनजीत चरखी व संदीप घिकाड़ा को उपप्रधान, सुनील गर्ग को सचिव और सोनू को खजांची नियुक्त किया। कार्यकारिणी तीन वर्ष तक मंडी के हित में कार्य करेगी। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने नवगठित कार्यकारिणी को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ

■ भगवान को पाने का एकमात्र रास्ता है सत्संग : ऋषिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

श्री खाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर भिवानी द्वारा स्थानीय दिनोद गेट स्थित खाकी बाबा मंदिर में एक अप्रैल तक चलने वाली श्री राम कथा एवं दिव्य सत्संग का बुधवार को शुभारंभ हुआ।

सर्व व्यवस्था प्रमुख पवन गोयल व कार्यक्रम प्रमुख सुभाष गोयल ने बताया कि आनंद जी महाराज ऋषिकेश के सान्निध्य में एक अप्रैल तक प्रातः 5 से साढ़े 6 बजे तक प्रार्थना एवं सत्संग, प्रातः 7 से 8 बजे तक प्रभात फेरी तथा दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक श्री रामकथा एवं दिव्य प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा के पहले दिन बुधवार को आनंद ऋषिकेश ने मानव जीवन में सत्संग के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आनंद ऋषिकेश ने कहा कि भगवान को संसार में सबसे ज्यादा मनुष्य प्रिय है। क्योंकि वे 84 लाख योनियों के बाद मनुष्य योनि में पैदा होते है। उन्होंने कहा कि भगवान को पाने का रास्ता एकमात्र सत्संग ही है। सत्संग के कारण ही मनुष्य भगवान की गोद में बैठ सकता है। उन्होंने कहा कि संसार हमें सत्ता, महत्ता व संबंध देता है, जो हमारा ध्यान भगवान से हटाते है। भगवान का ध्यान व सत्संग से हमारा मन व्यर्थ के कर्मो से हटता है व काम के कामों में ही लगता है। ऐसे में जीवन में भगवान का सत्संग बहुत जरूरी है। इस अवसर पर नवीन गुप्ता, नत्थुराम केडिया, बुद्ध किशोर मित्तल, राजेश जैन, ज्ञानी राम मित्तल, प्रदीप कुमार, नवीन कुमार, शालू अरोड़ा, मीनाक्षी शर्मा, सुमन, चारू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन देते हुए।

### बेटा और बेटी में फर्क रखना मानवता के लिए है अभिशाप : राजबाला

**भिवानी।** सामान्यतः आम परिवार की चाह रहती है कि घर में पुत्र रत्न की प्राप्ति हो तो खूब जश्न मनाया जाएगा, लेकिन ऐसे लोग भी है जो बेटी के जन्म पर भी जमकर रौनक लगाते है। ऐसा ही मामला हनुमान गेट रेलवे फाटक के नजदीक कवि सूरजभान कॉलोनी निवासी विजय सैनी ने घर पर हुआ। विजय की पत्नी सर्वजीत की कोख से जन्मी बिटिया के जन्म पर कुआ पूजन किया गया, जहां नवजात की दादी राजबाला ने अपने घर में पौत्री पैदा होने पर डीजे व ढोल-नगाड़ों के साथ नाच-गाकर कुआं पूजन करवाया। राजबाला ने कहा कि उनके पति स्वर्गीय उदयभान का मानना था कि बेटा और बेटी एक समान है तथा इनमें फर्क रखना मानवता के लिए अभिशाप है। बेटियां वर्तमान परिवेश में बेटों से कम नहीं हैं। बेटियां कंधे से कंधा मिलाकर अपना किरदार निभा रही हैं। नवजात की माता सर्वजीत व पिता विजय सैनी ने कहा कि उनका स्वप्न है कि अपनी बिटियां को बेटों की तरह पालन-पोषण कर न केवल एक अच्छा खिलाड़ी बनाए, बल्कि उच्च शिक्षा दिलाने के बाद उन्हें प्रथम श्रेणी का अधिकारी भी बनाएं। इस अवसर पर कोच भारत सूरजभान, शीला, मोंटी, सुमित, अनिल, सन्नी, रॉकी, मुकेश, राम, युवराज, आकाश मिंडा आदि मौजूद रहे।

बाढ़ड़ा व हंसावास खुर्द में आम चुनाव व उपचुनाव की तैयारी

# खंडवार जिला निर्वाचक व उपजिला निर्वाचक अधिकारी किए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी

■ पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव 2025 को लेकर तैयारियां की शुरू

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुनीश शर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव 2025 को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा अधिसूचना जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जिला की बाढड़ा व हंसावास खुर्द में प्रस्तावित आम चुनाव व अन्य स्थानों पर उपचुनाव को लेकर मतदाता सूचियों को तैयार किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 2 (ड) के अंतर्गत मतदाता सूचियों को तैयार करवाने के लिए खंडवार जिला निर्वाचक अधिकारी की नियुक्ति की गई है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) जारी आदेशों के अनुसार चरखी दादरी खंड के लिए एसडीएस दादरी को जिला निर्वाचक अधिकारी तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को उप जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार से बौंद खंड के लिए नगराधीश को जिला निर्वाचक अधिकारी तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बौंद को उपजिला निर्वाचक अधिकारी नियुक्त किया है। आदेशों के अनुसार झोझू खंड के लिए हरियाणा रोडवेज महाप्रबंधक को जिला निर्वाचक अधिकारी तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी झोझू को उपजिला निर्वाचक अधिकारी नियुक्त किया।

# छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां

■ वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिनोद गेट स्थित वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में माध्यमिक एवं वरिष्ठ कक्षाओं के वार्षिक परिणामोत्सव का आयोजन किया। इस मौके अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यतिथि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता, समिति के महासचिव डॉ. पवन कुमार बुआनीवाला, कोषाध्यक्ष विजय किशन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, कमलेश चौधरी,सुमित खेमका, कुलदीप शर्मा और प्राचार्या कमला गुरेजा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन करके किया। गुप्ता ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में घटते नैतिक मूल्य, बदलती परंपराएं, टूटती मर्यादाएं और गिरते संस्कार जहां चिंता का विषय बनते जा रहे हैं, वहीं आज भावी पीढ़ी में संस्कृति और संस्कारों के बीजारोपण की नितांत आवश्यकता है। पवन कुमार बुआनी वाला ने कहा कि आज के परिणाम में लगभग 500 विद्यार्थियो ने अपनी मेहनत के बलबूते छात्रवृत्ति प्राप्त कर अपने अभिभावकों और विद्यालय का मान बढ़ाया। प्राचार्या कमला गुरेजा ने बच्चों के अभिभावक, प्रबुद्धजन एवं शिक्षकों का आभार जताया। ममता सिंगला ने पुनः सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन अध्यापिका कमल रानी और नचिता ने बखूबी किया। प्रियांशी व तनिषा दोनों होनहार छात्राओं ने भी मंच-संचालन में सहयोग देकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



भिवानी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती छात्राएं।

# टीबी के लक्षण, उपचार व बचाव की जानकारी दी

■ अटेलाकलां में टीबी जागरूकता एवं सतर्कता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रेडक्रॉस हरियाणा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी के मार्गदर्शन में गांव अटेलाकलां में टीबी जागरूकता एवं सतर्कता अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

शिविर में स्टोन क्रेशर उद्योग से जुड़े मालिकों, कर्मचारियों और मजदूरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह ने इस पहल को सफल बनाने में उनके सहयोग की सराहना की। चौधरी स्टोन केशर से अजय सांगवान ने स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रॉस टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसे जागरूकता अभियान आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोग टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सतर्क रहे और इससे बचाव के उपाय अपनाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, कारण, उपचार, बचाव और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच कृष्ण, जयवीर, पप्पू प्रधान बबली, अजय सांगवान, सेठी मास्टर, नरेंद्रपाल, सुधीर पंचनामा, आशु श्योराण व संदीप सांगवान आदि उपस्थित थे।


भिवानी। क्रेशर जॉन में टीबी रोग के प्रति जागरूक करते वक्ता।

# बैठक में आठ प्रस्ताव किए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ अबच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर से बेहतर संसाधन जुटाए जाएं : डीसी

उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में जिला बाल कल्याण परिषद की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में रखे गए कुल 11 प्रस्ताव में से उपायुक्त ने आठ पर अपनी स्वीकृति की मुहर लगाई। उपायुक्त ने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद की गतिविधियां बच्चों की भलाई व उज्जवल भविष्य के लिए होती हैं। इनके लिए अधिक से अधिक संसाधन होने जरूरी हैं। बैठक के दौरान जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश बिब्यान ने बच्चों की भलाई के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को लेकर जिला बाल कल्याण परिषद के सदस्यों के समक्ष एक दर्जन प्रस्ताव रखे। प्रस्तावों पर उपायुक्त महावीर कौशिक ने सभी सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने बैठक में रखे गए कुल 11 प्रस्ताव में से आठ प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति की मुहर लगाई। उपायुक्त कौशिक ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाल भवन में ई-लाइब्रेरी स्थापित करने, कोरोना काल के दौरान बंद हुए कंप्यूटर सेंटर को फिर से चालू करने, बाल भवन परिसर में मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण करवाने बारे, खानक स्थित पंचायत भवन में सिलाई-कढ़ाई सेंटर में कंप्यूटर सेंटर व पुस्तकालय केंद्र चलाने बारे अपनी स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने लोहारू में मिनी बाल भवन की स्थिति में सुधार करने बारे भी संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उपायुक्त ने बड़ चौक से चंद्रशेखर आजाद चौक तक जर्जर बनी बाल भवन की दीवार का नवनिर्माण करवाने की अनुमति प्रदान की। डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनकी तरफ बाल कल्याण परिषद के करीब 30 लाख 40 हजार रूपए की राशि का शीघ्र भुगतान करवाएं।




### शिविर में 51 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**भिवानी।** डाबर कॉलोनी स्थित विश्व मानव रूहानी केन्द्र शाखा भिवानी द्वारा मनत अस्पताल से प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनीता दुहन की देखरेख में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 51 लोगों के बीपी, शुगर व अन्य बीमारियों की जांच की गई। संस्था के सदस्य रोहतास कुमार, आनंद कुमार, राजपाल सांगवान, रामकिशन, उलफ्त सिंह, नरेन्द्र सिंह व कमलेश आदि ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले सदस्यों को डॉ. सुनीता ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और नशे से दुर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्व मानव रूहानी केन्द्र एक सामाजिक और आध्यात्मिक संस्था है। जोकि समय-समय पर अनेक प्रकार के जनहित कार्य करती रहती है। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य जनसेवा करना है।

## स्कूल-कॉलेजों में लोक संस्कृति को बढ़ावा देने को दिए जाएंगे व्याख्यान: ध्यानदास

# ऐतिहासिक धरोहर को सहेजकर रखने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिले की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से युवा जागृति जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य व पुजारी ध्यानदास महाराज के नेतृत्व में भिवानी एक प्राचीन संस्कृति नाम से विशेष अभियान की शुरूआत की, जिसके तहत नागरिकों को जिले की ऐतिहासिक धरोहरों, प्राचीन परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है, ताकि अपनी मूल संस्कृति व जड़ों से दूर होती युवा पीढ़ी का ध्यान अपनी गौरवमयी संस्कृति एवं इतिहास की तरफ केंद्रित किया जा सकें। इसी कड़ी में पुजारी ध्यानदास महाराज के नेतृत्व में शहरवासियों ने तोशाम के बारादरी ऐतिहासिक धरोहर का भ्रमण किया तथा उनका इतिहास जाना। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत ही हमारी पहचान है तथा अभियान का उद्देश्य लोगों को उनके इतिहास से जोड़ना और आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से अवगत करवाना है। पुजारी ध्यानदास ने कहा कि दौर में लोग अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में अभियान लोगों को अपनी विरासत को समझने और उसे सहेजने की प्रेरणा देगा। इस मौके पर डॉ. ओमबीर कौशिक, रमेश सैनी, विजय सिंहमार, प्रमोद शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, प्रधान पवन सैनी तोशाम आदि मौजूद रहे।



भिवानी। क्षेत्र ऐतिहासिक धरोहर का भ्रमण करते पुजारी ध्यानदास महाराज व अन्य।

### तोशाम के बारादरी क्षेत्र के 12 दरवाजे

पुजारी ध्यानदास ने बताया कि तोशाम के बारादरी क्षेत्र के 12 दरवाजे है, जिसे 12 ईस्वी में महाराजा पृथ्वीराज चौहान ने बनवाया था तथा यहां पर पृथ्वीराज चौहान जनसभाएं लगाकर लोगों की समस्याओं का निवारण करते थे। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष गाइडेड टूर, लोक कला प्रदर्शनियां, सेमिनार, वर्कशॉप और नाटक मंचन जैसे आयोजन किए जा रहे हैं। साथ ही स्कूल-कॉलेजों में प्राचीन सभ्यता और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**



भिवानी। कीर्ति को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक।

### हैंडबॉल में कीर्ति ने जीता स्वर्ण पदक

**भिवानी।** आदर्श महिला कॉलेज की छात्रा कीर्ति ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता 22 से 25 मार्च तक आयोजित की गई थी, जिसमें छात्रा कीर्ति ने इससे पहले उत्तर भारत विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया, जो चौधरी रणबीरसिंह विश्वविद्यालय जींद में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कीर्ति को शुभकामनाएं दीं और उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग की कॉऑर्डिनेटर डॉ. रेनू, विभागाध्यक्ष नेहा, प्रध्यापिका डॉ. मोनिका सैनी को भी बधाई दी।

### जिप चेयरपर्सन ने थाना प्रभारी पर लगाए आरोप

**तोशाम।** जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने तोशाम के थाना प्रभारी पर गरीब किसानों की जमीन पर अवैध निर्माण करवाने का आरोप लगाते हुए डीजीपी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि तोशाम थाना प्रभारी पिछले कई वर्षों से खेती कर रहे गरीब किसानों की जमीन पर अवैध निर्माण करवा रहा है। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी को होम डिसट्रिक्ट में व आईआरबी से प्रमोशन करके लगा रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में तोशाम में कोई कब्जा नहीं हुआ तो अब यह कब्जे किसकी शह पर हो रहे हैं। उन्होंने थाना प्रभारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोगों को अवैध हिरासत में रखता है और उनके साथ मारपीट की जाती है।



बहल। एक राष्ट-एक चुनाव अभियान को लेकर कार्यक्रम में बोलते हुए अनिल शर्मा तोशाम।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**बहल।** एक राष्ट्र- एक चुनाव मुहिम को जनअभियान बनाने के लिए भाजपा नेताओं ने गांव के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने की मुहिम शुरू कर दी है। बुधवार को बहल में एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए बहुमत जुटाने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर वक्ताओं ने इसके फायदे गिनाए। वक्ताओं ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश का लोकतंत्र मजबूत होगा व देश पर चुनावों के कारण पडऩे वाला आर्थिक बोझ कम होगा। आईसीएस कोचिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में अनिल शर्मा तोशाम मुख्यातिथि रहे।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने जिला मुख्यालय पर दिया तीन दिवसीय धरना

# आंगनबाड़ी वर्कर्स को न्यूनतम वेतन 26000 रुपये देने की उठाई मांग

**सरकार थी जी फोन देकर वर्कर्स से फाइव जी काम ले रही है और मानदेय न बराबर दे रही है, वर्कर्स के साथ अन्यायः जिला प्रधान**

■ लाभार्थी 2-2 घंटे तक करता रहता है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरना देती आंगनवाड़ी वर्कर्स।

भिवानी जिले की सभी वर्कर्स ने जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय धरना दिया, जिसमें मुख्य मांगें पोषण ट्रैक्टर पर फेस कैप्चर करने और थ्री जी फोन सही ढंग से काम नहीं करने के बारे में थी। धरने की अध्यक्षता राजबाला निनान और संचालन राजबाला शर्मा ने किया। जिला प्रधान राजबाला निनान ने कहा कि सरकार थ्री जी फोन देकर हम वर्कर्स से फाइव जी काम ले रही है और मानदेय न बराबर दे रही है, वर्कर्स के साथ अन्याय हैं।

जिले में कई ऐसे गांव है, जहां पर नेटवर्क की समस्या है। सरकार ने उन्हें जो फोन दिए हैं वे हैंग हो जाते है, उसमें फेस कैप्चर करना तो बहुत दूर की बात है। फेस कैप्चर करते हुए ओटीपी इनवेलिड बताता है और लाभार्थी 2-2 घंटे तक इंतजार करता रहता है, लेकिन फेस कैप्चर नहीं हो पाता।

इस कार्यप्रणाली के चलते वर्कर्स और लाभार्थियों में मनमुटाव होने लगता हैं। सीटू नेता ओमप्रकाश कामरेड ने बताया सरकार वर्कर्स की कोई सुनवाई नहीं कर रही है, उनको दबाने के लिए हर प्रयास कर रही है। वर्कर्स को एक होकर सरकार को हड़ताल के द्वारा करारा जवाब देना चाहिए। राजबाला शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी में आने वाला राशन की गुणवत्ता सही ढंग से नहीं आती है, इतना राशन आ जाता है कि लाभार्थियों को एक ही तरह का राशन पूरे महीने दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जो नई पंजीरी तीन तरह की आई है, उससे लाभार्थी नाखुश है। गर्मियों में बाजरा कोई नहीं लेना चाहता। वर्कर्स को राशन, ऑनलाइन काम और नैपकिन देकर इतना उलझा दिया कि वह आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते। उन्होंने कहा कि बच्चों के माता-पिता भी खुश नहीं है, क्योंकि बच्चों को आंगनबाड़ी में कुछ सीखने के लिए भेजा जाता था, लेकिन वर्कर्स खुद ही उलझी हुई रहती है, जिससे वर्कर्स उन बच्चों पर ध्यान नहीं दे पा रही है। राजबाला शर्मा ने कहा कि वर्कर को उच्च कोटि के फोन या टैब दिए जाएं और सिम और डाटा पूरा उपलब्ध करवाया जाए। वहीं वर्कर्स का 26000 न्यूनतम वेतन करने, वर्कर्स को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी ग्रेजुएट का फैसला लागू करने की मांग उठाई। धरने पर सुनीता चहल, किरण, रोशनी, प्रिंसी, राजेश, जयबाई, उर्मिला, बबीता, चांग से रीता, रितु बामला, प्रोमिला, मंजू, किरण, कमलेश, कैरू ब्लॉक से शकुंतला, शीला, रोशनी, सुशीला, राजबाला आदि मौजूद रहे।

## निर्माण मजदूर का रद पंजीकरण बहाल होना यूनियन के संघर्ष की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई करें सरकार

निर्माण मजदूर का रद पंजीकरण बहाल होना भवन निर्माण कामगार यूनियन के संघर्ष की जीत हैं। भ्रष्टाचार करने वालों पर सरकार कार्रवाई करें, जब तक यूनियन संघर्ष जारी रखेगी, उक्त बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सोनी, प्रदेश महासचिव सुखबीर सिंह तथा कोषाध्यक्ष संदीप जाजवान ने जारी प्रेस ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हरियाणा सरकार व कल्याण बोर्ड द्वारा 50 हजार मजदूरों का पंजीकरण रद कर दिया था, जिसके खिलाफ भवन निर्माण कामगार यूनियन ने प्रदेश में आंदोलन कर श्रममंत्री आवास पर प्रदर्शन किया एवं पंजीकरण बहाली की मांग की थी। आज पंजीकरण बहाल होना यूनियन की जीत है, लेकिन बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 20 लाख रुपये के करीब निर्माण के मजदूर हैं, जिनमें से अभी तक 10 लाख मजदूर ही पंजीकृत हुए हैं। पंजीकरण करवाने के लिए मजदूरों को सीएचसी केंद्रों के धक्के खाने पड़ते हैं और हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसी प्रकार पंजीकृत मजदूरों को लाभ लेने के लिए प्रदेश की सरकार ने सीएचसी केंद्रों के हवाले किया हुआ है।

### कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए दिया प्रशिक्षण

**भिवानी।** भिवानी नगर परिषद के दिशा-निर्देश अनुसार स्टैंड विद नेचर के कार्यालय में मंगलवार को वेस्ट मैनेजमेंट पर कार्य कर रही टीम का विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया।

कार्यक्रम का संचालन स्टैंड विद नेचर के अध्यक्ष डॉ. लोकेश भिवानी ने किया, जिसमें समाज में कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाने और प्रभावी अभियानों को लागू करने पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रशिक्षण सत्र में वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक तकनीकों, प्रभावी नीतियों व जागरूकता अभियानों पर गहन विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट के कर्मचारी एवं स्टैंड विद नेचर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. लोकेश ने कहा कि सही वेस्ट मैनेजमेंट न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायक है, बल्कि ये प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। प्रशिक्षण के दौरान टीम ने आगामी जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी व व्यापक स्तर पर संचालित करने की योजना बनाई।

## रास्ते के निर्माण को लेकर उपायुक्त और कुलपति ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। सीबीएलयू का निरीक्षण करते उपायुक्त।

चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के प्रस्तावित दूसरे गेट के सामने से ड्रेनेज के साथ-साथ रास्ते के निर्माण को लेकर उपायुक्त महावीर कौशिक ने कुलपति प्रो. दीप्ति धर्मानी एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा, तहसीलदार सुरेश कुमार एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा के साथ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली।

गौरतलब होगा कि फिलहाल विश्वविद्यालय का एक गेट है जो कि गांव प्रेम नगर को जाने वाले मुख्य मार्ग के सामने है। आपात स्थिति एवं सुगमता के लिए दूसरा गेट प्रस्तावित है, जिसके सामने लगभग 500 मीटर लंबा कच्चा रास्ता है जो कि ड्रेनेज के साथ लगता है। यह हिसार-भिवानी राजमार्ग में मिलता है। यह रास्ता विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक वाले रास्ते से लगभग तीन किलोमीटर छोटा पड़ता है। इस रास्ते के निर्माण के लिए उपायुक्त महावीर कौशिक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि रास्ते का निर्माण इस तरह हो कि गांव प्रेम नगर के निवासियों और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए किसी प्रकार की दिक्कत न रहे। इस अवसर पर अभियांत्रिकी सलाहकार के के शर्मा, पी एस रवि मदान, पीआरओ ऋषि शर्मा, प्रेमनगर सरपंच राजेश, जोगेंद्र बुरा, साहिल जेई, पटवारी संजीत बलू नहरा सहित अनेक कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### पेयजल की पाइप में आ रहा सीवरेज का गंदा पानी, लोग परेशान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वार्ड 12 में पीने के पानी की जगह सीवरेज के पानी की सप्लाई आने से वार्डवासियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। वार्डवासियों ने प्रशासन से स्वच्छ सप्लाई छुड़वाने की गुहार लगाई। बता दे की पिछले काफी दिनों से शहर के वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है। लोगों को दूर दराज से पानी खरीदकर लाना पड़ रहा है। कई कई दिनों पश्चात पानी आने पश्चात भी जब गंदे पानी की सप्लाई आती है तो लोगों की मानें तो उनका घरों में बैठना दुभर हो जाता है है। उन्हें पानी की सप्लाई बंद करके घरों के दरवाजे खोलकर गली में बैठना पड़ता है ताकि इसकी बदबू से छुटकारा पाया जा सके। लोगों में समुंदर, बिमला, कस्तूरी, सुनीता, पुष्पा आदि ने बताया कि विभाग को सीवरेज की समस्या का समाधान करना चाहिए।

## विद्यार्थियों ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

■ बजीणा पीएमश्री राजकीय स्कूल से रवाना हुई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। जागरूकता रैली निकालते बजीणा पीएमश्री राजकीय स्कूल के विद्यार्थी।

ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत गांव बजीणा स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में जल एवं पर्यावरण सरंक्षण, स्वच्छता अपनाने व नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को जागरूकता रैली निकाली।

इको क्लब की इंचार्ज रिचा के नेतृत्व में विद्यालय प्रांगण से शुरू हुई जागरूकता रैली को प्राचार्य अनुप सिह पुनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को रवाना करते हुए प्राचार्य पुनिया ने कहा कि स्वच्छत वातावरण व शुद्ध जल के बगैर स्वस्थ भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती है, ऐसे में हमें जल एवं पर्यावरण का महत्व समझना होगा तथा संरक्षण के लिए आज से भी गंभीरता से कदम बढ़ाने होंगे। उन्होंने कहा कि पानी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों को आना आना होगा, क्योंकि जब युवा ही इस गंभीर मुद्दे को समझ पाएंगे, तभी इस दिशा में सकारात्मक कार्य किए जा सकते है। इस अवसर पर प्रवक्ता रमेश, सुमेरसिंह, शैलेश, अनिल, अजय, किरण, मंजूबाला, सुनीता, सीमा, सरला, मुनेश व रामअवतार आदि मौजूद रहे।

## दादरी की सड़कों का होगा सुधार, 49.50 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



■ टेंडर प्रकिया हो चुकी है शुरू

प्रदेश सरकार द्वारा चरखी दादरी हलका की 26 सड़कों के सुधारीकरण के लिए 49.50 करोड़ों की राशि मंजूर की है। करीब 85 किलोमीटर की सड़कों का सुधारीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि चुनाव के दौरान दादरी के विकास का संकल्प लेते हुए विकास को आगे बढ़ाने का वादा किया था। ग्रामीण दौरा के दौरान अनेक ग्राम पंचायतों द्वारा सड़क सुधारीकरण के लिए मांगपत्र दिए थे। विधायक सांगवान ने बताया कि मंजूर सड़कों में गांव सांकरोड़ से देवी मंदिर, पैंतावास कलां से अखत्यापुरा, सांवड़ से देवी मंदिर, कोहलावास रोड, बौंद से ऊण, बौंद से मालपोष, रणकोली से सांकरोड़, दादरी शहर के परशुराम चौक से तिकोना पार्क, बिरही से शिशवाला-तिवाला, छपार में पोलीटेक्नीक कालेज तक, हिंडोल से मानहेरू, खेड़ी सनवाल से महराणा, अचिना अप्रोच रोड, बिगोवा से माजरा, अचीना से बास, मेन रोड से कमोद, मेन रोड से मिर्च, मिर्च से सौंप-कासनी, सांजरवास से सांगा, सांजरवास से रानीला-अचिना, महराणा से जोहड़ मंदिर, इमलोटा से बिगोवा, लोहरवाड़ा से भागवी आदि शामिल हैं।

## सीसीआई परिसर के चबूतरे पर पक्षी होटल की शुरुआत, स्कोरे रखे

■ बेजुबान पक्षियों के लिए यह छोटा सा प्रयास एक बड़ी राहत साबित हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। सीसीआई परिसर स्थित चबूतरे पर पानी के स्कोरे रखते पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र दहिया, रक्तवीर परिवार संयोजक राजेश सोनी। फोटो :हरिभूमि

गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गांधी नगर वार्ड नंबर 2 के पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र दहिया व रक्तवीर परिवार संयोजक राजेश सोनी के नेतृत्व में सीसीआई परिसर स्थित चबूतरे पर पक्षी होटल की शुरुआत की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेजुबान पक्षियों को गर्मी के दौरान दाना-पानी उपलब्ध करवाना है, जिससे वे सुरक्षित एवं स्वस्थ रह सकें। इस पक्षी होटल में विशेष रूप से चकोरे और अन्य पक्षियों के लिए दाना और पानी की समुचित व्यवस्था की गई है।

रक्तवीर परिवार संयोजक राजेश सोनी ने बताया कि ये हमारी संस्कृति एवं परंपरा का हिस्सा है कि हम पशु-पक्षियों की देखभाल करें। प्यासे पंछियों को पानी पिलाना और उनके लिए दाना उपलब्ध करवाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों की छतों, बालकनियों और आंगनों में पक्षियों के लिए परिंडे लगाएं तथा उनके लिए नियमित रूप से दाना-पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि ये न केवल पक्षियों के लिए राहतदायक होगा, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा। इस पहल को सफल बनाने के लिए स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील की, ताकि अधिक से अधिक लोग अभियान से जुड़कर पक्षियों की सेवा में योगदान दे सकें। संकट की इस घड़ी में बेजुबान पक्षियों के लिए यह छोटा सा प्रयास एक बड़ी राहत साबित हो सकता है।

## हादसों को निमंत्रण दे रहे हाई-वोल्टेज बिजली के पोल

हरिभूमि ▶▶| बवानीखेड़



बवानी खेड़ा में खेड़ी रोड़ पर लगे बिजली के पोल व उन पर लगे ट्रांसफर्मर हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। ये पोल और ट्रांसफर्मर खुद एक दूसरे के सहारे टिके हुए हैं मामूली हवा-आंधी के झोंकों से ये अपना स्थान छोड़कर किसानों की फसलों व आमजन को अपनी चपेट में ले सकते हैं जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन भी केवल अफसोस प्रकट करने के सिवाए कुछ नहीं कर पाएगा।

लोगों ने प्रशासन से इसकी सुध लेने की बात कही। उल्लेखनीय है कि बवानी खेड़ा में अनेक ऐसे बिजली के पोल है जो कंडम हो चुके हैं व गिरने की कगार पर है। कुछ ऐसे पोल है जिनके उपर भारी भरकम ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। एकतरफ जहां किसानों को अपनी फसलों का भय बना हुआ है वहीं दूसरी और बिजली निगम के कर्मचारी भी इनकी कमियों को दूर करने के लिए अपनी जान दांव पर लगाकर इनको ठीक करते हैं लेकिन मजबूरीवश अपने अधिकारियों के समक्ष इनको दुरूस्त करने की बात नहीं कह पाते। लेकिन जिस दिन इनके कारण कोई बड़ा हादसा हो गया वह दिन किसी कयामत से कम नहीं होगा।

**समाधान शिविर** | एसडीएम ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया

# अस्पताल की दीवार के पास लीकेज व पंडित नेकीराम की प्रतिमा की बाउंड्री का मुद्दा उठाया

■ जनसंगठन एवं प्रबुद्ध नागरिक मंच ने समाधान शिविर में उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने जाते जनसंगठन एवं प्रबुद्ध नागरिक मंच के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जनसंगठन एवं प्रबुद्ध नागरिक मंच की ओर से उपायुक्त द्वारा आयोजित समाधान शिविर में घंटाघर स्थित नागरिक अस्पताल की दीवार के पास पानी लीकेज को दुरूस्त करवाने व स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की स्टेच्यू की बाउंड्री की मरम्मत का मामला उठाया।

मामले को उठाते हुए मंच के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि सरकुलर रोड के साथ नागरिक हस्पताल की दीवार के पास सीवरेज या पानी की लाइन पिछले दो वर्षों से लीकेज हो रही है। उन्होंने कहा कि रोड के साथ 10-12 फुट में गंदा पानी भरा रहता है तथा बदबू मारता है, अस्पताल की दीवार में पानी बैठता है, जिससे दीवार गिरने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि दीवार के साथ ठंडे पानी की प्याऊ भी लगी है, उससे पानी पीने के लिए कोई व्यक्ति कीचड़ से होकर नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की प्रतिमा की बांउड्री टूटी हुई है, उसकी मरम्मत करवाने वास्ते नगर परिषद की चेयरपर्सन को भी पत्र लिखा था तथा दो तीन बार चैयरपर्सन प्रतिनिधि को इस मामले में अवगत करवा चुके है, लेकिन दुर्भाग्यवश इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि उपरोक्त समस्याओं को उन्होंने सात जनवरी को भी समाधान शिविर में उठाया था, लेकिन दो माह से अधिक समय होने पर भी कोई कार्यवाई नही हुई। उन्होंने एक बार फिर समाधान शिविर में ये समस्याएं उठाई है। इस मौके पर एसडीएम महेश कुमार ने इनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर मंच सदस्य सुखदेव पालुवास, रतन कुमार जिंदल, कामरेड अनिल व फूलचंद मौजूद रहे।



## खस्ताहाल सड़क बनाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल झुंपा मैन रोड पर अनाज मंडी के गेट नंबर एक से लेकर पुलिस थाना तक खस्ताहाल सडक़ बनाने का काम आखिर बुधवार को शुरू हो गया। काफी दिनों से लोग इस सडक़ मार्ग की बदहाली से परेशान थे और इसको बनाने के लिए मांग कर रहे थे। सड़क निर्माण से इस मार्ग पर दुकानदारों व फुटपाथ विक्रेताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

अनाज मंडी के गेट नंबर एक से लेकर राजगढ मोड़ और वहां से पुलिस स्टेशन तक सडक़ मार्ग को सुधारने के लिए लोक निर्माण विभाग ने सडक़ को उखाड़ दिया था। विभाग द्वारा कुछ दिन बाद इस जगह पर सीसी ब्लॉक लगाने शुरू किए तो लोगों ने सीसी ब्लॉकों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए इसका विरोध किया।

लोगों के विरोध के कारण विभाग ने काम बंद करवा दिया और वहां से सीसी ब्लॉकों को उठा दिया। लेकिन, उसके बाद विभाग ने इस मार्ग को सुधारने की जगह उसे जस का तस छोड़ दिया। कुछ दिन बाद सडक़ मार्ग ऐसी जर्जर हालत में पहुंच गया जिससे वहां काम करने वाले लोगों के लिए अपने प्रतिष्ठानों में बैठना दूभर हो गया। पूरी सडक़ पर कंकरीट बिखरने से वाहन चालक भी खासे परेशान रहे। राजगढ मोड़ पर तो ऐसी स्थिति बन गई थी कि जैसे ही कोई भारी वाहन मार्ग से गुजरता तो धूल का ऐसा गुब्बार उठता कि वो काफी देर तक आसमान में धूल ही धूल नजर आती।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी

भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।

- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बनें।

Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT

मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863